संख्या-141/2026/1400/सैंतीस-2-2026/001-1(12)/2013-113057

प्रेषक,

देवेन्द्र कुमार पाण्डेय,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

मुख्य पशुचिकित्साधिकारी,
(संलग्न विवरणानुसार)
पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेश।

पशुधन अनुभाग-2 लखनऊ :: दिनांक-19 जून, 2026

विषयः- **अनुदान संख्या-83 के अधीन पशु रोग अनुसन्धान तथा निदान और सेवाओं का विस्तार (जि.यो.) के अन्तर्गत चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष वित्तीय स्वीकृति।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशक, रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र, पशुपालन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्या-166/सा0-1/एक्स-120(187)/अनु0-83/2026-27, दिनांक-10.06.2026 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में अनुदान संख्या-83 के अधीन लेखाशीर्षक-2403-पशुपालन-789-अनुसूचित जातियों के लिये विशेष घटक योजना-03-पशु रोग अनुसंधान तथा निदान और सेवाओं का विस्तार (जिला योजना) के अन्तर्गत निम्नलिखित मानक मदों में रू0-600.00 लाख (रूपये छः करोड़ मात्र) की वित्तीय स्वीकृति संलग्न जनपदवार विवरणानुसार अधोलिखित प्रतिबन्धों के अधीन श्री राज्यपाल सहर्ष प्रदान करते हैं:-

मानक मद	**स्वीकृत धनराशि (लाख में)**
12-कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण	100.00
39-औषधि तथा रसायन	400.00
43-सामग्री एवं सम्पूर्ति	100.00
योग-	**600.00**

(रूपये छः करोड़ मात्र)

(1) स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण एवं व्यय भारत सरकार/राज्य सरकार द्वारा एस.सी.एस.पी./टी.एस.पी. हेतु निर्धारित मानकों/अनुमोदित कार्ययोजना एवं निर्धारित मदों में योजना हेतु निर्धारित गाइडलाइन्स का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करते हुए व्यय विवरण सहित उपयोगिता प्रमाण-पत्र शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।

(2) जिला योजनाओं के अन्तर्गत जनपदवार/योजनावार परिव्यय निर्धारण के उपरान्त उपरोक्तानुसार स्वीकृत धनराशि को आवंटित परिव्यय में समायोजित कराते हुए यथावश्यकता सम्बन्धित जनपदों की जिला योजना समिति का कार्योत्तर अनुमोदन प्राप्त किये जाने का उत्तरदायित्व निदेशक, रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र, पशुपालन विभाग, उ0प्र0 का होगा।

(3) स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय/उपयोग उसी मद/प्रयोजन में किया जायेगा जिसके लिए धनराशि वस्तुतः स्वीकृत की जा रही है।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

(4) निदेशक, रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र, पशुपालन विभाग योजनान्तर्गत धनराशि व्यय करने से पूर्व यह सुनिश्चित करेंगे कि उक्त प्रयोजन हेतु पूर्व में किसी अन्य योजना/स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं की गयी है।

(5) स्वीकृत की जा रही धनराशि को आहरित कर किसी बैंक/डाकघर में नहीं जमा किया जायेगा तथा धनराशि का आहरण आवश्यकतानुसार ही किया जायेगा।

(6) योजनान्तर्गत वस्तुओं/सामग्रियों आदि का क्रय उ0प्र0 भण्डार क्रय नियमावली तथा वित्त विभाग, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा समय-समय पर निर्गत सुसंगत शासनादेशों, उ0प्र0 प्रोक्योरमेन्ट मैनुअल (प्रोक्योरमेन्ट आफ गुड्स) 2016 एवं विभागीय क्रय नीति (जेम) का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा।

(7) विभागाध्यक्षों एवं अन्य नियंत्रक अधिकारियों द्वारा बजट आवंटन में इस बात का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाये कि आहरण एवं वितरण अधिकारियों द्वारा कोषागार से धनराशि का आहरण तत्काल आवश्यकता होने पर ही किया जाय।

(8) यह भी स्पष्ट किया जाता है कि धनराशि का विभागाध्यक्ष/नियंत्रक अधिकारी के निर्वतन पर रखे जाने मात्र से किसी प्रकार के व्यय करने का प्राधिकार नही देता है। जिन मामलों में उ0प्र0 बजट मैनुअल और वित्तीय नियम संग्रहों तथा स्थायी आदेशों के अन्तर्गत राज्य सरकार/केन्द्र अथवा अन्य सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति विभागाध्यक्ष/नियंत्रक अधिकारी द्वारा प्राप्त की जानी आवश्यक हो, उन मामलों में व्यय करने के पूर्व ऐसी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाये।

(9) स्वीकृत की जा रही धनराशि यदि किसी ऐसे खाते में रखी जाती है जिसमें ब्याज अर्जित हो तो उक्त ब्याज की धनराशि राजकोष में जमा करायी जायेगी।

(10) व्यय प्रबन्धन एवं शासकीय व्यय में मितव्ययता के सबंध में वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों का विशेष रूप से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(11) स्वीकृत की जा रही धनराशि के सम्बन्ध में वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-4/2026/बी-1-812/दस-2026-231/2026, दिनांक-28.03.2026 एवं समय-समय पर निर्गत शासनादेशों में दिये गये दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय **लेखाशीर्ष:** 2403007890300 (पशु रोग अनुसंधान तथा निदान और सेवाओं का विस्तार (जिला योजना))

	अनुदान संख्या	लेखा शीर्षक	मानक मद	प्रस्तावित धनराशि
1	083	2403007890300 पशु रोग अनुसंधान तथा निदान और सेवाओं का विस्तार (जिला योजना)	12 कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण	1,00,00,000 (रुपये एक करोड़ मात्र)
2	083	2403007890300 पशु रोग अनुसंधान तथा निदान और सेवाओं का विस्तार (जिला योजना)	39 औषधि तथा रसायन	4,00,00,000 (रुपये चार करोड़ मात्र)
3	083	2403007890300 पशु रोग अनुसंधान तथा निदान और सेवाओं का विस्तार (जिला योजना)	43 सामग्री एवं सम्पूर्ति	1,00,00,000 (रुपये एक करोड़ मात्र)

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

	कुल			**6,00,00,000** **(रुपये छह करोड़ मात्र)**

महायोग	6,00,00,000 (रुपये छह करोड़ मात्र)

के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-4/2026/बी-1-812/दस-2026-231/2026, दिनांक-28 मार्च, 2026 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

संलग्नक - यथोपरि।

भवदीय,

(**देवेन्द्र कुमार पाण्डेय**)
विशेष सचिव।

पृ0सं0-141/2026/1400(1)/सैंतीस-2-2026/001-1(12)/2013-113057, तद्दिनांक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)/(लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
2. निदेशक, रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र, पशुपालन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
3. वित्त नियंत्रक/संयुक्त निदेशक (नियोजन), पशुपालन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
4. सम्बन्धित जिलाधिकारी/सम्बन्धित मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी।
5. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनु0-1/वित्त (आय-व्ययक) अनु0-1/नियोजन अनु0-3 ।
6. बजट प्रकोष्ठ/कल्याण नियोजन प्रकोष्ठ, समाज कल्याण विभाग/गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(**अशोक कुमार यादव**)
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

शासनादेश संख्या-141/2026/1400/सैंतीस-2-2026/001-1(12)/2013-113057, दिनांक-19 जून, 2026 का संलग्नक-

पशु रोग अनुसंधान तथा निदान और सेवाओं का विस्तार (जि.यो.) (कम्पोनेन्ट) (2026-27)

(धनराशि लाख रूपये में)

क्र0 सं0	जनपद का नाम	मानक मद			
		12-कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण	39-औषधि तथा रसायन	43-सामग्री एवं सम्पूर्ति	योग
1	2	3	4	5	6
1	आगरा	1.54	6.18	1.54	9.26
2	आजमगढ़	2.63	10.54	2.63	15.8
3	अलीगढ़	2.13	8.54	2.13	12.8
4	अम्बेडकरनगर	0.82	3.27	0.82	4.91
5	अमेठी	1.27	5.09	1.27	7.63
6	अमरोहा	0.95	3.81	0.95	5.71
7	औरैया	0.82	3.27	0.82	4.91
8	अयोध्या	1.32	5.27	1.32	7.91
9	बदायूं	1.18	4.72	1.18	7.08
10	बागपत	1.45	5.81	1.45	8.71
11	बहराइच	1.59	6.36	1.59	9.54
12	बलिया	2.54	10.17	2.54	15.25
13	बलरामपुर	0.86	3.45	0.86	5.17
14	बांदा	0.91	3.63	0.91	5.45
15	बाराबंकी	1.68	6.72	1.68	10.08
16	बरेली	1.59	6.36	1.59	9.54
17	बस्ती	1.45	5.81	1.45	8.71
18	भदोही	0.50	2.00	0.50	3
19	बिजनौर	1.68	6.72	1.68	10.08
20	बुलन्दशहर	2.04	8.17	2.04	12.25
21	चन्दौली	0.82	3.27	0.82	4.91
22	चित्रकूट	0.59	2.36	0.59	3.54
23	देवरिया	1.18	4.72	1.18	7.08
24	इटावा	1.18	4.72	1.18	7.08

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

25	एटा	1.91	7.63	1.91	11.45
26	फर्रूखाबाद	1.14	4.54	1.14	6.82
27	फतेहपुर	1.59	6.36	1.59	9.54
28	फिरोजाबाद	1.32	5.27	1.32	7.91
29	गाजियाबाद	0.77	3.09	0.77	4.63
30	गाजीपुर	2.36	9.45	2.36	14.17
31	गौतमबुद्धनगर	0.91	3.63	0.91	5.45
32	गोण्डा	1.59	6.36	1.59	9.54
33	गोरखपुर	2.36	9.45	2.36	14.17
34	हमीरपुर	0.86	3.45	0.86	5.17
35	हापुड़	0.77	3.09	0.77	4.63
36	हरदोई	2.13	8.54	2.13	12.8
37	हाथरस	0.91	3.63	0.91	5.45
38	जालौन	0.91	3.63	0.91	5.45
39	जौनपुर	1.63	6.54	1.63	9.8
40	झांसी	1.00	4.00	1.00	6
41	कन्नौज	0.86	3.45	0.86	5.17
42	कानपुर देहात	1.23	4.90	1.23	7.36
43	कानपुर नगर	1.45	5.81	1.45	8.71
44	कासगंज	0.73	2.91	0.73	4.37
45	कौशाम्बी	0.68	2.72	0.68	4.08
46	कुशीनगर	1.09	4.36	1.09	6.54
47	लखीमपुर खीरी	1.91	7.63	1.91	11.45
48	ललितपुर	0.86	3.45	0.86	5.17
49	लखनऊ	1.27	5.09	1.27	7.63
50	महराजगंज	1.41	5.63	1.41	8.45
51	महोबा	0.68	2.72	0.68	4.08
52	मैनपुरी	1.63	6.54	1.63	9.8
53	मथुरा	1.32	5.27	1.32	7.91
54	मऊ	1.41	5.63	1.41	8.45
55	मेरठ	1.45	5.81	1.45	8.71
56	मीरजापुर	1.23	4.90	1.23	7.36
57	मुरादाबाद	1.00	4.00	1.00	6
58	मुजफ्फरनगर	2.18	8.72	2.18	13.08

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

59	**पीलीभीत**	0.73	2.91	0.73	4.37
60	**प्रतापगढ़**	2.27	9.08	2.27	13.62
61	**प्रयागराज**	2.23	8.90	2.23	13.36
62	**रायबरेली**	1.77	7.08	1.77	10.62
63	**रामपुर**	0.86	3.45	0.86	5.17
64	**सहारनपुर**	1.63	6.54	1.63	9.8
65	**सम्भल**	0.82	3.27	0.82	4.91
66	**संत कबीर नगर**	0.82	3.27	0.82	4.91
67	**शाहजहांपुर**	1.41	5.63	1.41	8.45
68	**शामली**	1.14	4.54	1.14	6.82
69	**श्रावस्ती**	0.59	2.36	0.59	3.54
70	**सिद्धार्थनगर**	1.14	4.54	1.14	6.82
71	**सीतापुर**	1.73	6.90	1.73	10.36
72	**सोनभद्र**	1.04	4.18	1.04	6.26
73	**सुल्तानपुर**	1.45	5.81	1.45	8.71
74	**उन्नाव**	2.36	9.45	2.36	14.17
75	**वाराणसी**	0.74	2.93	0.74	4.41
योग-		**100.000**	**400.000**	**100.000**	**600.000**

(**रूपये छः करोड़ मात्र**)

(**अशोक कुमार यादव**)
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।